6–अधिनियम की धारा–12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिए समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिए राज्यपाल कलेक्टर प्राधिकृत करने हेतु निर्देश देती है।

7–अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जिसका हित भूमि में निहित हो अधिसूचना के प्रकाशन के 60 (दिन) के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरूद्ध लिखित रूप से कलेक्टर को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

8–अधिनियम की धारा–11 (4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना में निर्दिष्ट भूमि का संव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि में कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी–उक्त भूमि का स्थल नक्षा कार्यालय जिलाधिकारी, मथुरा (भूमि अध्याप्ति अनुभाग) के कार्यालय में देखा जा सकता है।

राकेश कुमार
कलेक्टर
भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ, मथुरा।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, MATHURA
(Land Acquisition Section)

July 4, 2025

Notification of Section-11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013

No 1764/S.L.A.O./J.O./Mathura/2025--Under Sub-Section (1) of Section 11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, the Collector, Mathura is of the opinion that for developing Inter-state Multipurpose Hub in District Mathura for public purpose through Executive Engineer, Provincial Division, Public Works

Department, Mathura, land measuring 1.6120 hectare in revenue Village-Gantholi, Pargana-Govardhan, Tehsil-Govardhan, District-Mathura is required.

2. Social Impact Assessment Study has been carried out by the State Social Impact Assessment Committee and its recommendation has been submitted to Collector, Mathura, which had been approved by Collector, Mathura on dated 18 June 2025.

3. In brief, the recommendations of the committee constituted regarding the Socisl Impact Assessment report and Social Impact Management Plan are as follows:-

(a) For developing Inter-state Multipurpose Hub in District Mathura, the acquisition of Land in revenue Village-Gantholi/Land area 1.6120 hectare is in public interest and it fulfills public purpose and the objective of social benefit and social welfare.

(b) The potential benefits of land acquisition are far more than the social costs and adverse social impacts of the Hub construction. The land proposed for acquisition is very less compared to the total land affected in the alignment of the Hub construction which has been purchased by the Public Works Department.

4. No family is being displaced due to land acquisition for this project.

5. Therefore, the Governor is pleased to consent for notifying for general information the land mentioned in the following Schedule for public purpose.

SCHEDULE

District	Tehsil	Village	Plot no.	Area to be acquired
1	2	3	4	5
				Hectares
Mathura	Govardhan	Gantholi	1235	0.4410
			1246	1.1710
			Total . .	**1.6120**

6. The Governor is also pleased to authorise the Collector for the purpose of land acquisition to take necessary steps and conduct survey of land, leveling of any land, digging and do all the acts required for the proper execution of the work as provided and specified under section 12 of the Act.

7. Under Section 15 of the Act, any person having interest in the land may submit an objection in writing to the Collector against the acquisition of land in his area within 60 (days) of the publication of the notification.

8. Under Section 11 (4) of the Act, no person, shall make or cause any transaction of land i.e. sale/purchase, specified in the preliminary notification or create any encumbrances on such land from the date of publication of such notification till such time as the proceedings of land acquisition is completed, without prior approval of the Collector.

Note--The site map of the said land can be inspected in the office of the District Magistrate, Mathura (Land Acquisition Section).

Rakesh Kumar,
Collector, Mathura.
(For the Purpose of Land Aquisition).

कार्यालय जिलाधिकारी, मथुरा

(भूमि अध्याप्ति अनुभाग)

अधिसूचना

04 जुलाई, 2025 ई0

भूमि–अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–11 की अधिसूचना

सं0 1765 / वि0भू0अ0अ0 / सं0सं0 / मथुरा / 2025–भूमि–अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के अधीन कलेक्टर, मथुरा की राय है, कि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मथुरा के माध्यम से सार्वजनिक प्रयोजन के लिए जनपद-मथुरा में बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग हेतु तहसील–सदर, राजस्व ग्राम–बाद / क्षे0 0.068455 हेक्टे0, धनगांव / क्षे0 0.237739 हेक्टे0 एवं नवीपुर / क्षे0 0.001967 हेक्टे0 तदनुसार कुल क्षेत्रफल 0.308161 हेक्टे0 भूमि की आवश्यकता है।

2–राज्य सामाजिक समाघात निर्धारण गठित कमेटी द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण का अध्ययन किया गया है तथा कलेक्टर मथुरा को अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गयी है जिसे कलेक्टर मथुरा द्वारा दिनांक 04 जून, 2025 को अनुमोदित किया गया है।

3–संक्षेप में, सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना से सम्बन्धित गठित कमेटी की संस्तुतियां निम्नानुसार हैं :–

(क) जनपद-मथुरा में बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग हेतु राजस्व ग्राम–बाद / क्षे0 0.068455 हेक्टे0, धनगांव / क्षे0 0.237739 हेक्टे0 एवं नवीपुर / क्षे0 0.001967 हेक्टे0 तदनुसार कुल क्षेत्रफल 0.308161 हेक्टे0 भूमि अर्जन की कार्यवाही किया जाना जनहित में है और इससे लोक प्रयोजन की पूर्ति और सामाजिक लाभ व सामाजिक कल्याण के उद्देश्य की पूर्ति होती है। उक्त मार्ग निर्माण से जनपद-मथुरा का चहुँमुखी विकास हो सकेगा।

(ख) भूमि के अर्जन से सम्भावित लाभ मार्ग निर्माण के सामाजिक खर्च एवं प्रतिकूल सामाजिक समाघातों की तुलना में कहीं अधिक है। मार्ग निर्माण के संरेखण में प्रभावित कुल भूमि जिसको लोक निर्माण विभाग द्वारा क्रय कर लिया गया है कि तुलना में अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि अत्यन्त कम है।

4–इस परियोजना हेतु भूमि अर्जन के कारण कोई परिवार विस्थापित नहीं हो रहा है।

5–अतः राज्यपाल सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को सामान्य सूचना हेतु अधिसूचित करने के लिए सहर्ष सहमति देती हैं–

सारणी

जनपद	तहसील	ग्राम	भू-खण्ड सं0	अर्जित किया जाने वाला क्षेत्रफल
1	2	3	4	5
				हेक्टेयर
मथुरा	सदर	बाद	98	0.016000
			2779	0.020800
			2780	0.009600
			2781	0.016000
			2759	0.001330

1	2	3	4	5
				हेक्टेयर
मथुरा	सदर	बाद	2697	0.001200
			588	0.000825
			607	0.000675
			608	0.001200
			612	0.000825
			योग . .	**0.068455**
		धनगांव	201अ	0.015990
			201ब	0.053232
			252/3	0.021000
			242	0.000800
			249अ	0.006857
			260	0.010260
			197	0.048000
			259	0.081600
			योग . .	**0.237739**
		नवीपुर	455	0.000500
			549	0.001467
			योग . .	**0.001967**
			कुल योग . .	**0.308161**

6–अधिनियम की धारा–12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिए समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिए राज्यपाल कलेक्टर प्राधिकृत करने हेतु निर्देश देती है।

7–अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जिसका हित भूमि में निहित हो अधिसूचना के प्रकाशन के 60 (दिन) के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरूद्ध लिखित रूप से कलेक्टर को आपत्ति प्रस्तुत सकता है।

8–अधिनियम की धारा–11 (4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से भूमि अधिग्रहण कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना में निर्दिष्ट भूमि का संव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि में कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी–उक्त भूमि का स्थल नक्षा कार्यालय जिलाधिकारी, मथुरा (भूमि अध्याप्ति अनुभाग) के कार्यालय में देखा जा सकता है।

राकेश कुमार
कलेक्टर
भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ, मथुरा।

OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, MATHURA
(Land Acquisition Section)

July 4, 2025

Notification of Section-11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013

No 1765/S.L.A.O./J.O./Mathura/2025--Under sub-section (1) of Section 11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, the Collector, Mathura is of the opinion that for the Brij Chaurasi Kos Parikrama Marg in District Mathura for public purpose through Executive Engineer, Provincial Division, Public Works Department, Mathura, land measuring 0.068455 hectare in Village-Baad, land area 0.237739 hectare in Village-Dhangaon and land area 0.001967 hectare in Village-Navipur, Tehsil-Sadar, District-Mathura accordingly total land area of 0.308161 hectare is required.

2. Social impact Assessment study has been carried out by the State Social impact Assessment Committee and its recommendation has been submitted to Collector, Mathura, which has been approved by Collector, Mathura on dated 04-06-2025.

3. In brief, the recommendations of the committee constituted regarding the Social Impact Assessment report and Social Impact Management Plan are as follows:-

(a) For the Brij Chaurasi Kos Parikrama Marg in district Mathura, the acquisition of land in revenue Village-Baad/area 0.068455 hectare, Dhangaon/area 0.237739 hectare and Navipur/area 0.001967 hectare accordingly total area of 0.308161 hectare is in public interest and it fulfills the public purpose and the objective of social benefit and social welfare. The construction of the said road will lead to all round development of Mathura district.

(b) The potential benefits of land acquisition are far more than the social costs and adverse social impacts of road construction. The land proposed for acquisition is very less in comparison to the total land affected in the alignment of road construction which has been purchased by the Public Works Department.

4. No family is being displaced due to land acquisition for this project.

5. There fore, the Governor is pleased to consent for notifying for general information the land mentioned in the following Schedule for public purpose.

SCHEDULE

District	Tehsil	Village	Plot no.	Area to be acquired
1	2	3	4	5
				Hectares
Mathura	Sadar	Bad	98	0.016000
			2779	0.020800
			2780	0.009600
			2781	0.016000
			2759	0.001330

1	2	3	4	5
				Hectares
Mathura	Sadar	Bad	2697	0.001200
			588	0.000825
			607	0.000675
			608	0.001200
			612	0.000825
			Total . .	**0.068455**
-	-	Dhangaon	201A	0.015990
			201 B	0.053232
			252 / 3	0.021000
			242	0.000800
			249 A	0.006857
			260	0.010260
			197	0.048000
			259	0.081600
-	-		**Total . .**	**0.237739**
		Navipur	455	0.000500
			549	0.001467
-	-	**Total**	**Total . .**	**0.001967**
			Grand Total . .	**0.308161**

6. The Governor is also pleased to authorise the Collector for the purpose of land acquisition to take necessary steps and conduct survey of land, leveling of any land, digging and do all the acts required for the proper execution of the work as provided and specified under section 12 of the Act.

7. Under Section 15 of the Act, any person having interest in the land may submit an objection in writing to the Collector against the acquisition of land in his area within 60 (days) of the publication of the notification.

8. Under Section 11 (4) of the Act, no person, shall make or cause any transaction of land i.e. sale/purchase, specified in the preliminary notification or create any encumbrances on such land from the date of publication of such notification till such time as the proceedings of land acpuisition is completed, without prior approval of the Collector.

Note--The site map of the said land can be inspected in the office of the Distrct Magistrate, Mathura (Land Acquisition Section).

Rakesh Kumar,
Collector, Mathura.
(For the Purpose of Land Aquisition).

कार्यालय, चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

25 अप्रैल, 2025 ई0

सं0 2018 / जी0-362ए / 2024-25 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील, नौतनवा परगना हवेली जनपद-महराजगंज के ग्राम चौतरवा में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2019 / जी0-159 / 2024-25 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील व परगना मुरादाबाद जनपद-मुरादाबाद के ग्राम नकटपुरी खुर्द में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2020 / जी0-168 / 2023-24 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-लालगंज परगना सदर जनपद-प्रतापगढ़ के ग्राम बसुआपुर में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2021 / जी0-33A / 2024-25 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-गढ़मुक्तेश्वर परगना पूठ जनपद-हापुड़ के ग्राम चितौडा महीउद्दीनपुर में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2022 / जी0-179 / 2024-25 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-राबर्ट्सगंज परगना विजयगढ़ जनपद-सोनभद्र के ग्राम मगराही में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2023 / जी0-181 / 2024-25 / धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769 / सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23 / 1 / 1-(5)1991-टी0सी0आर0-1,

दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-खजनी परगना धुरियापार जनपद-गोरखपुर के ग्राम जैती, तप्पा-बेलघाट में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2024/जी0-156/2024-25/धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23/1/1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-देवरिया परगना सिधुवा जोबना जनपद-देवरिया के ग्राम देवघाट, तप्पा-मलसी सरैनी में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2025/जी0-181/2024-25/धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23/1/1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील-गोला परगना चिल्लूपार जनपद-गोरखपुर के ग्राम तालभगना, तप्पा-सिकन्दरपुर में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

सं0 2026/जी0-61/2024-25/धारा-52(1)—उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 (उ0प्र0, अधिनियम सं0-5-1954 ई0) की धारा-52(1) के अधीन सरकारी विज्ञप्ति सं0-1769/सी0एच0-1-91-58, दिनांक 07 अगस्त, 1958 तथा शासनादेश सं0 23/1/1-(5)1991-टी0सी0आर0-1, दिनांक 01 अप्रैल, 1991 में किये गये प्राविधान के अनुसार उपधारा (1-क) उपधारा (1) के अधीन यथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करके मैं, भानु चन्द्र गोस्वामी, चकबन्दी संचालक, उत्तर प्रदेश, एतद्द्वारा विज्ञापित करता हूँ कि इस विज्ञप्ति के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तहसील व परगना सम्भल जनपद-सम्भल के ग्राम सिसौना में चकबन्दी क्रियाएं समाप्त हो गयी हैं।

भानु चन्द्र गोस्वामी,
चकबन्दी संचालक,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0—18 हिन्दी गजट—भाग 1-क—2025 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 02 अगस्त, 2025 ई० (श्रावण 11, 1947 शक संवत्)

भाग 8

नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत, सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

NOTICE

No Legal Responsibility is accepted for the Publication of Advertisements/Public Notices in this Part of the Gazette of Uttar Pradesh. Persons Notifying the Advertisements/Public Notices will remain Solely, Responsible for the Legal Consequences and also for any other Misrepresentation etc.

By Order,
Director.

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

(प्रशासन अनुभाग)

सूचना

दिनांक 11 जुलाई, 2025

सं0–1312/प्रशा0–एक–उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम,1965 की धारा–95 की उपधारा (1) के खण्ड़–(च) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अपने अधिकार सीमा में, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद में प्रभावी उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के लिपिकीय सेवा विनियम–1980 (यथासंशोधित) में बाई–सर्कुलेशन की प्रक्रिया के तहत संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के लिपिकीय सेवा विनियम–1980 (यथासंशोधित) में बाई–सर्कुलेशन की प्रक्रिया के तहत भाग–एक सामान्य बिन्दु संख्या–13, भाग–4 अर्हताएं बिन्दु संख्या–7 आयु एवं बिन्दु संख्या–9 शैक्षिक अर्हताए का उप बिन्दु ख– आशुलिपिक में निम्नवत संशोधन किया जाता है।

वर्तमान विनियम	संशोधित विनियम
भाग–एक सामान्य	भाग–एक सामान्य
13–''भर्ती के वर्ष'' का तात्पर्य कलैन्डर वर्ष के जनवरी मास के प्रथम दिन प्रारम्भ होने वाले बारह महीनों की अवधि से है।	13–''भर्ती का वर्ष'' का तात्पर्य किसी कलैन्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।
भाग–चार अर्हतायें	भाग–चार अर्हतायें
7– आयुः– (i) सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी को जिस वर्ष भर्ती की जाती है, उस वर्ष की पहली जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त होना चाहिए और 28 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न होना आवश्यक है। किन्तु प्रतिबंध यह है कि {1} अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और यथा अधिसूचित ऐसी ही अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामलें में उच्च आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी कि शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों में निर्दिष्ट की जाय। {2} परिषद के छटनी कर दिये गये Retirement कर्मचारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं होगी। {3} नियुक्ति प्राधिकारी किसी अभ्यर्थी अथवा किसी अभ्यर्थी वर्ग के पक्ष में उच्च आयु सीमा को शिथिल कर सकता है, यदि वह इसे न्यायपूर्ण व्यवहार के हित में अथवा परिषद के हित में आवश्यक समझता हो।	7–आयुः – सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कलेण्डर वर्ष की, जिसमें सीधी भर्ती के लिए रिक्तियां प्रकाशित की जायें, पहली जुलाई को क्रमशः 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की होः परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की दशा में, उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।
9- शैक्षिक अर्हतायेंः–	**9- शैक्षिक अर्हतायेंः–**
(ख) अशुलिपिक- (1) उसे माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा राज्यपाल द्वारा मान्यता प्राप्त इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (2) उसे हिन्दी आशुलिपिक तथा टंकण का क्रमशः 100 तथा 30 शब्द प्रति मिनट की गति से ज्ञान होना आवश्यक है।	**(ख) अशुलिपिक-** (1) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो। (2) हिन्दी आशुलेखन और हिन्दी टंकण में क्रमशः 80 प्रति मिनट और 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवश्यक है। (3) डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठयक्रम अवश्य उत्तीर्ण की हो, या माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर पाठयक्रम अवश्य उत्तीर्ण की हो।

3- उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के लिपिकीय सेवा विनियम–1980 (यथासंशोधित) में बाई–सर्कुलेशन की प्रक्रिया के तहत भाग–एक सामान्य बिन्दु संख्या–13, भाग–4 अर्हतायें बिन्दु संख्या–7 आयु एवं बिन्दु संख्या–9 शैक्षिक अर्हतायें का उप बिन्दु ख– आशुलिपिक में उपरोक्त संशोधन के फलस्वरुप विनियमावली के शेष विनियम पूर्ववत् प्रभावी रहेंगे।

डा0 बलकार सिंह,
आवास आयुक्त।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहाबाद, आगरा

दिनांक 03 मार्च, 2025

सं0 486/न0पं0फते0/2024–25–उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–2 सन् 1916) की धारा 128 की उपधारा (2) खण्ड (सात) और धारा 298 की उपधारा (2) के शीर्षक (ज) की उप शीर्षक (च) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत फतेहाबाद जनपद आगरा जिस उपविधि बनाने का प्रस्ताव करती है, उसका प्रारुप उक्त अधिनियम की धारा 301 की अपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियों और सुझाव आमन्त्रित करने की दृष्टि से दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 03 जुलाई 2024 को प्रकाशित किया गया परन्तु प्रस्तावित उपविधि के सम्बन्ध में एक माह का समय व्यतीत होने के बाद कोई भी आपत्ति प्राप्त नही हुयी है।अतः उपविधि का प्रकाशन किया जा रहा है।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं संचालन शुल्क उपविधि

संक्षिप्त शीर्ष नाम प्रारम्भ और आवृति

1. यह उपविधि नगर पंचायत फतेहाबाद ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं संचालन शुल्क उपविधि 2024 कही जायेगी।

2. यह नगर पंचायत फतेहाबाद (आगरा) की सीमा में लागू होगी।

3. यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

4. यह नियमावली सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी मानी जायेगी।

परिभाषायें– विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल होने पर इस नियमावली में–

क– अधिनियम का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।

ख– नगर पालिका से तात्पर्य नगर पंचायत फतेहाबाद (आगरा) से है।

ग– शुल्क का तात्पर्य पालिका में वर्णित मदों पर लगाये गये शुल्क से है।

घ– प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य प्रशासक/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहाबाद (आगरा) से है।

ड़– निरीक्षणकर्ता से तात्पर्य कर निरीक्षक या जिसको नगर पंचायत फतेहाबाद (आगरा) अधिकृत किया गया हो।

3. नियमावली में दी गई तालिका में वर्णित मदों पर निर्धारित धनराशि को नगर पंचायत फतेहाबाद की सीमा में रहते हुए प्रतिदिन/प्रतिघटना शुल्क के रूप में देना होगा।

4. नियमावली में दी गयी तालिका में वर्णित मदों पर शुल्क दिये जाने की सूची तैयार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहाबाद का होगा।

5. ठोस अपशिष्ट घटना की तिथि में देय होगा।

क्र0 सं0	कृत्य	नगर पालिका द्वारा आरोपित धनराशि
1	2	3
		रू0
1	आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	500/– प्रतिदिन
2	दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	550/– प्रतिदिन
3	रेस्टोरेन्ट मालिक द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1500/– प्रतिदिन
4	होटल मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1,500/– प्रतिदिन
5	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर	2,000/– प्रतिदिन
6	हलवाई, चाट, पकोड़ी, फास्ट फूड आईसक्रीम गन्ने का रस एवं अन्य जूस सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	500/– प्रतिदिन
7	गोबर सार्वजनिक स्थानों पर डालने पर	500/– प्रतिदिन
8	निजी ट्रेक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पालिका की सड़क पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	1,000/– प्रतिदिन
9	सरकारी भवनों, चौराहों एवं शहरी चार दीवारी की दीवारों व उनके गेटों पर निजी वाणिज्यिक प्रचार–प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1,000/– प्रतिदिन
10	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर तथा नाली तोड़ने की दशा में।	5,000/– प्रतिदिन
11	अपने मकान भवन का सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर।	500/– प्रतिदिन तथा मरम्मत चार्ज
12	क्रमांक 2 से 6 तक वर्णित व्यवसायियों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नहीं रखने पर	1,000/– प्रतिदिन
13	दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेयरिंग कर ऑयल, मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर	500/– प्रतिदिन
14	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवारों की हड्डियाँ, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क, आम रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर	1,000/– प्रतिदिन
15	आम रास्ता, सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड़, ऊँट, गधा घोड़ा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर	500/– प्रतिदिन
16	शादी/विवाह स्थलों के बाहर खुले में कचरा डालने पर	2,000/– प्रतिदिन
17	आम रास्ता, सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुलेआम मांस–मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	1,000/– प्रतिदिन

1	2	3
		रू0
18	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	500/– प्रतिदिन
19	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर	500/– प्रतिदिन
20	दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता, सड़क अथवा दुकानों के सामने की खाली, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर	500/– प्रतिदिन
21	आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर	1,500/– प्रतिदिन
22	सड़क के किनारे वॉशिंग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने की दशा में।	1,000/– प्रतिदिन
23	विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों जैसे प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलोजी इत्यादि के जैव चिकित्सीय अपशिष्ठ को नगरीय ठोस अपशिष्ठ में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर।	2,000/– प्रतिदिन तथा पानी का कनेक्शन काटने का चार्ज
24	खुले में शौच करने पर।	500/– प्रति घटना
25	व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन न रखने पर।	100/– प्रति घटना
26	पान मसाला/गुटखा इत्यादि की पीक सडक, पटरी, दीवार व सरकारी भवन में थूकने व धुम्रपान करने पर।	पहली बार पाये जाने पर 100/– दोबारा पाए जाने पर 500/–
27	नाली में कूड़ा/कचरा इत्यादि डालकर नाली अवरूद्ध करने पर।	200/– प्रति घटना
28	घरेलू (तेजाब,हारपिक सेनेटरी पैड इत्यादि) तथा विनाशकारी इलैक्ट्रोनिक कचरा खुले में डालनें पर।	200/– प्रति घटना
29	खाली प्लॉट में सॉलिड वेस्ट (कचरा,गोबर इत्यादि) फेंकनें पर।	1000/– प्रति घटना
30	बल्क वेस्ट उत्पादक द्वारा अपने परिक्षेत्र में कचरा फैलानें/इधर-उधर फेंकनें तथा आग लगानें इत्यादि पर।	3000/– प्रति घटना
31	मकान की तोड–फोड/पुनः निर्माण/नवनिर्माण से उत्पन्न कचरें को खाली प्लॉट/सरकारी भूमि तथा इधर–उधर फेंकनें पर।	1000/– प्रतिदिन
32	गीले एंव सूखे कूडें को पृथक–पृथक न देनें पर।	100/– प्रतिदिन घरेलू 1000/– प्रति घटना (मैरिज होम, वैवाहिक स्थल, प्रति हॉल इत्यादि) 500/– प्रति घटना (व्यवसायिक स्थल)

उपरोक्त कैरिंग चार्ज/शमन शुल्क प्रथम बार उल्घंघन करने पर आरोपित किया जायेगा। घटना की पुनारावृत्ति करने पर 2 से 3 गुना वसूल किया जायेगा।

बबीता शल्या,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत फतेहाबाद, आगरा।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहाबाद, आगरा

गृहकर नामांन्तरण उपविधि 2024

दिनांक 03 मार्च, 2025

सं0 487/न0पं0फते0/2024–25–उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–2 सन् 1916) की धारा 128 की उपधारा (2) खण्ड (सात) और धारा 298 की उपधारा (2) के शीर्षक (ज) की उप शीर्षक (च) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत फतेहाबाद जनपद आगरा जिस उपविधि बनाने का प्रस्ताव करती है, उसका प्रारुप उक्त अधिनियम की धारा 301 की अपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियों और सुझाव आमन्त्रित करने की दृष्टि से दैनिक समाचार-पत्र दैनिक जागरण में दिनांक 01 मार्च 2024 को प्रकाशित किया गया परन्तु प्रस्तावित उपविधि के सम्बन्ध में एक माह का समय व्यतीत होने के बाद कोई भी आपत्ति प्राप्त नही हुयी है। अतः उपविधि का प्रकाशन किया जा रहा है।

संक्षिप्त शीर्ष नाम

1. संक्षिप्त नाम – यह उपविधि नगर पंचायत फतेहाबाद गृहकर नामांन्तरण उपविधि 2024 कहलायेगी।

2. उपविधि का प्रारम्भ– यह उपविधि गजट में प्रकाशन की दिनांक से प्रवृत्त होगी।

3. परिभाषायें – 1. विषय या प्रसंग में कोई प्रतिकूल न होन पर इस उपविधि में (क) अधिनियम् का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका परिषद अधिनियम् 1916 (संयुक्त प्राप्त अधि0सं0.2 सन् 1916) से है।

(ख) गृहकर सर्वेक्षण सूची का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका परिषद अधिनियम् 1916 की धारा 144 के अधीन कर निर्धारण सूची से है।

(ग) कर निर्धारण सूची में दी कोई प्रविष्टि का तात्पर्य सूची में निदिष्ट कर ,अवधि, भूमि या भवन स्वामित्व तथा तत्सम्बन्धी वार्षिक मूल्य से है।

(घ) कर सूची नियंत्रण का तात्पर्य वर्णित अधिनियम् की धारा 147 के 1 से 4 अन्तर्गत सूची में संसोधन और परिवर्तन करने से है।

(च) नगर पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहाबाद से है।

(छ) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य फतेहाबाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से है।

(ज)शुल्क का तात्पर्य ऐसे फीस/प्रभार्य से है जो धारा 294 में वर्णित है।

2. ऐसे शब्दों और पदों के जो इस उपविधि में परिभाषित नही है, किन्तु उपविधि में प्रयुक्त है वही अर्थ होगें, जो अधिनियम में उनके लिये दिये गये है।

3. उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम् 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत।

उपविधि

(1) नगर पंचायत किसी भी समय कर निर्धारण सूची में निम्नलिखित रूप में परिवर्तन या संसोधन कर सकती है। या (क) कर निर्धारण सूची में ऐसी सम्पत्ति का जो कर निर्धारण सूची अधिप्रमाणीकृत होने के पश्चात कराधान के लिए दायी हो गई है प्रवष्टि करके, या

(ख) कर निर्धारण सूची में किसी ऐसे सम्पत्ति के स्वामी या अध्यासी के नाम के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम जिसमें अंतरण द्वारा अन्य प्रकार से सम्पत्ति का स्वामित्व या अध्यासन का उत्तराधिकार प्राप्त किया जो प्रतिस्थापित करके या

(ग) किसी सम्पत्ति के जिसका मुल्यांकन या कर निर्धारण कपट, मिथ्या, व्ययदेशन या त्रुटि के कारण हो गया है पर पुनः निर्धारण में वृद्धि करके, या

(घ) किसी सम्पत्ति का जिसका मूल्य भवन में किये गये परिवर्धन या परिवर्तन के कारण घट गया हो

(ड) वार्षिक मूल्य का जिस पर कोई कर उग्रहित किया जाना हो, प्रतिशत द्वारा परिवर्तित कर दिया गया हो वहॉ प्रत्येक मामले में देयकर की धनराशि में तद्रूप परिवर्तित करके।

(च) स्वामी के आवेदन-पत्र देने पर या ऐसे सन्तोषप्रद साक्ष्य पर कि सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य अथवा कर में कमी करने की अवश्यकता सिद्ध कर दी गई है, स्वप्रेरण से किसी भवन के जो पूर्णतः,या अंशतः तोड़ दिया गया हो या नष्ट कर दिया गया हो मूल्यांकन में कमी करके,या

(छ) किसी लिपिकीय गणना सम्बन्धी या अन्य प्रत्यक्ष मूल को ठीक करके,या

2. उपविधि के स्तर 3(1) के खण्ड(क) से (छ) तक तथा 2 में दी गई शर्तो के अधीन कर निर्धारण सूची में को संसोधन या परिवर्तन हितवृद्ध व्यक्ति को बिना सूचना दिये नही किया जायेगा। सूचना की अवधि एक माह होगी तथा सूचना का सार्वजनिक प्रकाशन कराया जायेगा।

3. संसोधन/परिवर्तन की कोई नोटिस दिये जाने के पश्चात हितवृद्ध व्यक्ति द्वारा कोई अपत्ति या आवेदन पत्र नगर पंचायत द्वारा इस प्रयोजनार्थ रखी गयी पुस्तिका में पंजीकृत किया जायेगा। तदोपरान्त जॉचोपरान्त कार्यालय आख्या पर अधिकृत समिति द्वारा इस अपत्तिकर्ता/आवेदक को स्वयं अथवा उनके अभिकर्ता को युक्तायुक्त अवसर प्रदान कर सुनवाई कर निस्तारण कर परिणाम को कर निर्धारण सूची में प्रविष्ट किया जायेगा। और आवश्यक संसोधन/परिवर्तन करके धारा 144 के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित किया जायेगा।

4. प्रस्तर 2 (ख) के अन्तर्गत को हितवृद्ध व्यक्ति का स्वामित्व अंतरण द्वारा प्राप्त किया गया है हितवृद्ध व्यक्ति कर निर्धारण सूची में उक्त सम्पत्ति स्वामित्व में अपना नाम की प्रवष्टि हेतु आवेदन-पत्र साथ पंजीकृत बैनामा की प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करेगा। दाखिल-खारिज के आवेदन-पत्र के साथ धारा 294 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क जमा करेगा तदोपरान्त प्रस्तर 4 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

5. नगर सीमा के भीतर सम्पत्ति अंतरण हेतु पंजीकृत बैनामा होने के 30 दिन के भीतर नगर पालिका को सूचना देना हितवद्ध व्यक्ति का उत्तर दायित्व होगा। चूक करने पर विलम्ब शुल्क देय होगा।

6. स्वीकृत बैनामा के स्टाम्प कमी का उत्तरदायी क्रेता स्वयं होगा, जिसके लिये घोषणा-पत्र दाखिल होगा।

7. (1) किसी व्यक्ति की मृत्यु, उपरान्त उसके वारिसों द्वारा मृतक के स्थान पर स्वामित्व में अपने नाम की प्रवष्टि हेतु आवेदन-पत्र के साथ मृतक का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वारिस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा। जॉचोपरान्त प्रस्तर 4 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये निर्धारित शुल्क जमा करेगा। (2) सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वारिस प्रमाण-पत्र के आधार पर भी नाम प्रवष्टि की कार्यवाही प्रस्तर 4 के अन्तर्गत, शुल्क जमा करने पर की जायेगी।

क्र0 सं0	देय प्रभार्य	मूल्य	शुल्क	बिलम्ब शुल्क प्रतिमाह
		रु0	रु0	रु0
	पंजीकृत लेख (बैनामर) स्वामित्व प्रतिस्थापित करने पर	(1)1,00,000 से 2,00,000 तक	2,000.00	10.00 प्रतिमाह
		(2) 2,00,001 से 5,00,000 तक	3,000.00	10.00 प्रतिमाह
		(3) 5,00,001 से 10,00,000 तक	5,000.00	10.00 प्रतिमाह
		(4) 10,00,001 से 20,00,000 तक	7,000.00	10.00 प्रतिमाह
		(5) 20,00,001 से 30,00,000 तक	8,000.00	10.00 प्रतिमाह
		(6) 30,00,001 से 40,00,000 तक	9,000.00	
		(7) 40,00,001 से 50,00,000 तक	10,000.00	
		(8) 5000001 से ऊपर	11000.00	
	प्रस्तर 10 (1) के अन्तर्गत वारिसों का स्वामित्व प्रतिस्थापित करने पर	प्रतिवर्ष देय गृहकर का दो गुना		
	प्रस्तर 10 (2) के अन्तर्गत वारिसों का स्वामित्व प्रतिस्थापित करने पर	प्रतिवर्ष देय गृहकर की धनराशि के सम्तुल्य		
	भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क	आवासीय रू0 2,000, अनावासीय रू0 5,000		
	भवन निर्माण मलवा संचयन (एन0ओ0सी0 शुल्क के अतिरिक्त)	रू0 40 प्रति वर्गमीटर		
	भवन एवं सम्पत्ति नामान्तरण शुल्क (आपत्ति/अनापत्ति विज्ञापन शुल्क अतिरिक्त)	रू0 1,000 प्रति नामान्तरण		

8. किसी सम्पत्ति के स्वामित्व सम्बन्धी विवाद की स्थिति में सम्बन्धित पक्ष न्यायालय से निस्तारण करायेगा,जिसकी सूचना/हितवृद्ध पक्ष को लिखित दी जायेगी।

अधिनियम की धारा 299 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत फतेहाबाद जनपद आगरा एतद्द्वारा यह निर्देश देती है कि इस उपविधि में दिये गये किसी उपवन्ध का उल्लंघन करने पर जुर्माना जो रू0 1,000.00 तक हो सकता है और निरंतर उल्लंघन की दशा में जुर्माने से जो प्रथम दोष सिद्ध के दिनांक के पश्चात प्रत्येक दिन के लिए, जिसमें यह साबित हो जाये कि अपराधी ने अपराध जारी रखा है। रू0 50/– प्रतिदिन तक का हो सकता है, दण्डनीय होगा।

बबीता शल्या,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत फतेहाबाद, आगरा।

कार्यालय, नगर पंचायत फतेहाबाद, आगरा

भवन निर्माण (मानचित्र) उपविधि-2025

दिनांक 03 मार्च, 2025

सं0 488 / न0पं0फते0 / 2024–25–उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–2 सन् 1916) की धारा 128 की उपधारा (2) खण्ड (सात) और धारा 298 की उपधारा (2) के शीर्षक (ज) की उप शीर्षक (च) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत फतेहाबाद जनपद आगरा जिस उपविधि बनाने का प्रस्ताव करती है, उसका प्रारुप उक्त अधिनियम की धारा 301 की अपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियों और सुझाव आमत्रिंत करने की दृष्टि से दैनिक समाचार-पत्र अमर उजाला में दिनांक 01 मार्च 2024 को प्रकाशित किया गया परन्तु प्रस्तावित उपविधि के सम्बन्ध में एक माह का समय व्यतीत होने के बाद कोई भी आपत्ति प्राप्त नही हुयी है। अतः उपविधि का प्रकाशन किया जा रहा है।

1– संक्षिप्त शीर्ष नाम प्रारम्भ–1

संक्षिप्त नाम प्रसाद और प्रारम्भ–(1) यह उपविधि फतेहाबाद नगर पंचायत सीमान्तर्गत भवनों के निर्माण को नियंत्रण उपविधि 2024 कहलायेगी।

2. यह पंचायत सीमा में प्रवृत्त होगी।

3. यह उपविधि गजट में प्रकाशित दिनाँक से प्रवृत्त होगा।

2– परिभाषायें – विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में।

1. नगर पालिका – का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहाबाद से है।

2. सीमा– नगर पंचायत की वह सीमायें जो शासन से स्वीकृत हो या हो।

3. बोर्ड– बोर्ड का तात्पर्य निर्वाचित नगर पंचायत फतेहाबाद से है।

4. अध्यक्ष – नगर पंचायत फतेहाबाद के अध्यक्ष से है।

5. अधिशासी अधिकारी – का तात्पर्य नगर पंचायत फतेहाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।

6. अवर अभियंता– से तात्पर्य नगर पंचायत फतेहाबाद के अवर अभियंता से है।

7. रेवेन्यू इन्सपेक्टर का तत्पर्य नगर पंचायत के रेवेन्यू इस्पेक्टर से है।

8. भवन– का तात्पर्य वह स्थान जो कि चारों ओर या किसी साइड से घिरा हुआ है।

व्यापारिक भवन– जिस भवन में किसी भी प्रकार का व्यवसाय होता है।

रिहायशी भवन – जिस भवन में कोई परिवार रहता हो या परिवार के रहने योग्य हो।

समाजिक भवन जो सार्वजनिक कार्य के लिए प्रयोग होता हो।

रिहायशी भवन– जो किसी भी सरकारी कार्यालय के रूप में अस्पताल, विश्राम गृह, स्कूल, पुस्तकालय, (वाचनालय) या अन्य किसी शासकीय प्रयोग में आता होग।

हॉल– भवन के अन्दर या बाहर वह कमरा जो सामूहिक प्रयोग के लिए बनाया गया हो, जिसकी लम्बाई चौड़ाई 5x5 मीटर से कम न हो।

कमरा– भवन का वह कमरा होगा जो सोने, बैंठने व अन्य किसी प्रकार के कार्यो में प्रयोग होता हो, जिसका नाप कम से कम 4x3 मीटर होगा।

1. यह कि नगर पंचायत फतेहाबाद की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत को बिना पूर्व स्वीकृति के कोई भवन निर्माण नहीं करेगा। न अहाता गैरेंज या अन्य किसी प्रकार के भवन का रूप देगा।

2. नगर पंचायत फतेहाबाद से स्वीकृत हेतु निम्न प्रकार प्रक्रिया अपनानी होगी।

(क) भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु नगर पंचायत फतेहाबाद में एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करेंगा।

(ब) इस प्रार्थना-पत्र के साथ प्रार्थी को दो स्केली मानचित्र में मय सीमा के प्रस्तुत करने होगें इन मानचित्रों में भूमि का पूर्ण विवरण दिया जायेगा तथा यह भी दर्शाया जायेगा कि बनाने से पूर्व भूमि को क्या दक्षांत और भूमि का कितना क्षेत्रफल है।

(स) प्रार्थी इस मानचित्र के साथ एक प्रमाण-पत्र इस आशय का प्रस्तुत करेगा कि यह भूमि जहाद्द निर्माण कार्य करना चाहता है। उसकी अपनी है और उस पर कोई विवाद नही है। उसका पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेगा।

(द) प्रार्थना-पत्र में निर्माण का विवरण देते हुये यह स्पष्ट करेगा कि वह मरम्मत या फेरबदल या पूर्ण नवनिर्माण अथवा ऊपरी भाग का पूर्ण नव निर्माण करना चाहता है।

(क) नगर पंचाायत फतेहाबाद में पंजीकृत ड्राफ्टमैन से नक्शा बनवायेगा नक्शे पर ड्राफ्टमैन के हस्ताक्षर जिसमें पूरा नाम डिग्री एवं पंजीकरण नम्बर अंकित होना चाहिए ड्राफ्टमैन द्वारा उस भवन का अनुमानित लागत का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेगा।

(ख) नक्शे ग्राफ पेपर या ब्लू प्रिंट होगा और एक तीसरा नक्शा जो नगर पालिका में रखा जायेगा वह ट्रेसिंग पेपर पर होगा।

3– कोई भी भवन निर्माण भू-स्वामी द्वारा अपनी भूमि में से सामने की तरफ (फ्रंट साइड) कम से कम 05 फुट भूमि को छोड़कर किया जायेगा।

4– भवन निर्माण (अ) प्रत्येक भवन का निर्माण करते समय यह विशेष ध्यान रखा जायेगा कि भवन में आंगन या वाटिका के लिए कुल क्षेत्रफल की 1/5 भाग भूमि खाली छोड़ी जाये।

(ब) भवन में इस प्रकार के जंगले या बेन्टीलेटर लगवाना अनिवार्य होगा, जिससे धूप तथा हवा का आवागमन हो सके।

(स) इस प्रकार का कोई जंगला या खिड़की न लगाया जायेगा, जिससे कि बराबर में रहने वाले की बेपेर्दगी हो।

(द) छत का पानी नीचे तक पाइप द्वारा ही उतारा जावेगा तथा उसकी नाली सरकारी नाली में स्वयं अपने व्यय से मिलानी होगी यदि वहॉ पर सरकारी नाली नही है, तो प्रार्थी को उसके लिए एक सोकपिट अपनी ही भूमि पर निर्माण कराना होगा।

(त) दो मंजिले पर इस प्रकार का कोई शौचालय नही बनवाया जायेगा, जिसका मल-मूत्र पाइप के द्वारा मकान से बाहर होकर नीचे उतरता हो या सड़क पर गंदगी फैलाता हो।

(थ) सरकारी नाली या सड़क के ऊपर जो प्रोजेयशन निकाला जायेगा उस पर अन्य किसी प्रकार का निर्माण नही किया जायेगा तथा नीचें का लैंटर नाली के किनारे तक और ऊपर का नीचे के प्रोजेक्शन से एक फीट से अधिक नहीं निकाला जायेगा, सड़क पर किसी प्रकार का कोई प्रोजेक्शन नहीं किया जायेगा।

(द) भवन का परनाला सरकारी सड़क पर गली में किसी भी हालत में नहीं डाला जायेगा, जब तक कि उसके पानी की सरकारी नाली पर पहुँचाने की पूर्ण व्यवस्था न कर दी गई हो।

स्वीकृति की विधि

5– जब प्रार्थी मय नक्शों के अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करेगा, सर्वप्रथम उसका इंन्द्रज निर्माण रजिस्टर में किया जायेगा तथा उस प्रार्थना-पत्र पर वित्त विभाग की रिपोर्ट ली जायेगी जो रेवेन्यू इन्सेपेक्टर इस प्रकार की रिपोर्ट देगा कि इस भूमि या भवन का स्वामी हमारे रिकार्ड से वहीं इंन्द्राज है जो प्रार्थना-पत्र दे रहा है तथा इस मकान पर भवन कर नगर पालिका का कोई किसी का टैक्स आदि अवशेष नहीं है।

6– कार्यालय की रिपोर्ट के पश्चात् यह प्रार्थना-पत्र मय नक्शे के अवर अभियंता को जाँच हेतु भेज दिया जायेगा जो कि मौके पर जाकर भूमि तथा प्लान का मिलान करेगें और अपनी रिपोर्ट सही पाये जाने पर इस प्रकार देगें। नक्शे के मुताबिक नियमानुसार निर्माण उचित है, चौक तथा वाटिका ठीक प्रकार से सुरक्षित छोड़ दी गयी है। रसोई तथा शौचालय की व्यवस्था सही है। स्वास्थ्य के लिहाज से गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था है और इस निर्माण के आज्ञा देने में नगर पालिका को किसी प्रकार की संम्पत्ति की हानि नहीं है।

7– इसके पश्चात् प्रार्थी को यह अवगत कराया जायेगा कि यह नियमानुसार निर्माण फीस जमा करवा दें, निर्माण फीस जमा हो जाने के पश्चात् अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृति दी जाती है। दो नक्शे के साथ स्वीकृति पत्र (सशर्त) अधिशासी अधिकारी के माध्यम से प्रार्थी को भेज दिया जायेगा, इस आज्ञा के पश्चात् ही प्रार्थी निर्माण कार्य आरम्भ कर सकता है। निर्माण कार्य आरम्भ करने से 24 घण्टे पूर्व नगर पालिका कार्यालय को अवगत कराया जायेगा।

8– यह आज्ञा केवल एक वर्ष के लिए होगी, यदि इस निश्चित अवधि में निर्माण कार्य पूरा नहीं होता है, तो प्रार्थी कारण स्पष्ट करते हुये पुनः नगर पालिका में अवधि बढ़ाने हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करेगा तथा प्रार्थना-पत्र के साथ पूर्व अनुमति नक्शा व स्वीकृति-पत्र प्रस्तुत करेगा और जो पूर्व फीस जमा की है, उसका 1/2 हिस्सा पुनः फीस के रूप में जमा करानी होगी, यह अवधि एक बार में 6 माह से अधिक नहीं बढ़ सकेगी।

9– जैसे ही भवन का निर्माण कार्य समाप्त होगा वैसे ही प्रार्थी नगर पालिका को अवगत करायेगा, नगर पालिका द्वारा कम्पलीशन सर्टिफिकेट प्राप्त करेगा, इसके बाद ही वह भवन रहने योग्य माना जायेगा।

क्र0 सं0	भवन का प्रकार	दरें भवन निमार्ण
		रु0
1.	रिहायशी भवन	30/–प्रति वर्ग मीटर
2.	व्यवसायिक	45/–प्रति वर्ग मीटर
3.	टीन शैड	20/–प्रति वर्ग मीटर
4.	बाउन्ड्रीवाल	500/–
5.	मलवा शुल्क	200/–प्रतिमाह

यदि कोई सामाजिक या धार्मिक संस्था के द्वारा बनाया जा रहा है, तो उसकी फीस की दरें उपरोक्त दरों की 1/2 होगी, खाली प्लाट की यदि बाउन्ड्रीवाल ही बनानी है, तो उसके लिए मात्र रु0 500/– फीस देय होगी।

10– प्रार्थी यदि नक्शा स्वीकृत हो जाने के बाद कोई परिवर्तन करता है तो पुनः दूसरा नक्शा तथा पहला स्वीकृत नक्शा जिस पर उसे आज्ञा प्राप्त हो चुकी है प्रस्तुत करेगा तथा उपरोक्त अंकित फीस का 1/2 भाग जमा करायेगा।

11– मंजिलों की संख्या किसी भी दशा में 04 से अधिक न होगी।

12– मरम्मत जिसमें केवल प्लास्टर आदि या छत आदि के लिए सादा कागज पर प्रार्थना-पत्र देगा यदि प्रार्थी पुरानी बुनियादों पर भी क्षतिग्रस्त होने के कारण छत बदलवाना चाहता है यदि नीचें की मंजिल बनी है प्रार्थी दूसरी मंजिल बनाना चाहता है तो उसके लिए उपविधियों में वर्णित पूर्ण प्रक्रिया अपनानी होगी।

13– कोई भी मस्जिद, मंदिर, चर्च या अन्य दूसरी पवित्र धार्मिक इमारते उस समय तक नयी बनायी जा सकती है, जब तक कि उसके आगे का भाग सड़क के बीचों-बीच से 50 फुट पर न हो और जब तक कि यह 200 फुट के फॉसले पर पहले से बने धार्मिक स्थानों से चाहे वह किसी भीं सम्प्रदाय का क्यों न हो।

14– नगर पंचायत फतेहाबाद की स्वीकृति के उपरान्त ही प्राइवेट व्यक्ति द्वारा कालोनियां बनायी जा सकेगें। प्रस्तावित ऐसी कालोनियों में समस्त मूलभूत सुविधाऐं सड़क, जलनिकासी, सीवर आदि स्वयं प्रोपर्टी डीलर को करनी होगी, ऐसी कालोनियों में एक तिहायी भाग हरित बैल्ट के रूप में विकसित करना होगा।

15– किसी सम्पत्ति के स्वामित्व सम्बन्धी विवाद की स्थिति में सम्बन्धित पक्ष न्यायालय से निस्तारण करायेगा, जिसकी सूचना समस्त /हितवृद्ध पक्ष को लिखित दी जायेगी।

शास्ति

